प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। वे आगामी केंद्रीय बजट के लिए उनके विचार और सुझाव लेंगे। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भागीदारी करेंगे। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

मतदान

देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में करीब 71 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन विभाग के अनुसार नालागढ़ में सबसे अधिक 78 दशमलव एक, देहरा में 65 दशमलव चार दो और हमीरपुर में 67 दशमलव सात प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन तीनों क्षेत्रों में 3 सौ 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस मतदान के साथ ही कुल 13 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है। देहरा और नालागढ़ में पांच–पांच जबकि हमीरपुर में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव नतीजे 13 जुलाई को घोषित होंगे। इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित छह, दिव्यांगजनों के एक और युवाओं द्वारा तीन मतदान केंद्र संचालित किए गए। उन्होंने बताया कि नौ आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए थे।

मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार से धन मिलना जारी रहेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासितप्रदेशों को एक पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल एक सौ 57 आयुर्विज्ञान कॉलेजों में से एक सौ 8 कॉलेज पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं। 157 अनुमोदित कॉलेजों में से 40 कॉलेज आकांक्षी जिलों में स्थित हैं।

जनजातीय उत्सव

जिला लाहौल स्पिति के मुख्यालय केलांग में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव 14 से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। जिला उपायुक्त राहुल कुमार ने कल एक बैठक में कहा कि इस बार के जनजातीय उत्सव का उदेश्य लाहौल स्पीति की वैभवशाली अनूठी लोक संस्कृति, प्राकृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और सामाजिक–आर्थिक विकास व पर्यावरण के बीच सामंजस्य स्थापित करना रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद व अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। जनजातीय उत्सव में सरस मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में आज से फिर मानसून सक्रिय होगा। मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के मददेनजर विभाग ने लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी–नालों के समीप न जाने की हिदायत दी है। 16 जुलाई तक प्रदेश में मौसम के खराब रहने का अनुमान है। इस बीच आज राजधानी शिमला सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाए हैं। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में मानसून की रफतार धीमी हुई है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से................</u>

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा उपचुनाव से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–तीन विधानसभा क्षेत्रों में 70 दशमलव सात तीन प्रतिशत मतदान, 13 को होगा प्रत्याशियों का फैसला। पंजाब केसरी के शब्द हैं–तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए लगभग 70 दशमलव पांच प्रतिशत मतदान। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–नालागढ़ में उन्यासी दशमलव शून्य चार, हमीरपुर में 67 दशमलव सात दो और देहरा में सबसे कम 65 दशमलव चार दो प्रतिशत वोटिंग। दैनिक जागरण का कहना है–तीन निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र के कारण खाली हुई है विधानसभा की सीटें। दैनिक भास्कर के अनुसार–तीन विधानसभा सीटों में 71 प्रतिशत वोटिंग।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–ढगवार मिल्क प्लांट के लिए 201 करोड़ रूपये जारी। इसी समाचार पत्र के मुताबिक हिमाचल काडर के युवा आईएएस आशुतोष गर्ग होंगे जेपी नड्डा के निजी सचिव।

प्रदेश के 232 खननधारकों को सरकार ने दी चेतावनी शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–छह माह में एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस नहीं ली तो रद्द होगी खनन लीज, दोबारा नीलाम होंगे पट्टे। इसी समाचार पत्र ने प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को सुर्खी दी है–कर्मचारी को सेवानिवृति लाभ छह फीसदी ब्याज समेत देने के आदेश।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है—डीजीपी अतुल वर्मा ने मांगा कम से कम दो साल का कार्यकाल।

अमर उजाला लिखता है—सूबे में पांच विद्यार्थी संख्या वाले 700 स्कूल होंगे मर्ज।